प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-394
14/09/2016

सहकारिता मंत्री ने बिहार राज्य सहकारिता बैंक की ओर से 25 लाख रूपये एवं स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन की ओर से 10 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना, 14 सितम्बर 2016 :– सहकारिता मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता ने आज मुख्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में बिहार राज्य सहकारिता बैंक की ओर से 25 लाख रूपये एवं स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन की ओर से 10 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस अंशदान के लिये बिहार राज्य सहकारिता बैंक एवं स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन को धन्यवाद देते हुये सहकारिता मंत्री की इस पहल की सराहना कीं मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

प्रबंध निदेशक दिव्य दृष्टि आई सेन्टर प्रा0लि0 शेखपुरा पटना की ओर से नेत्र चिकित्सक डॉ0 सुभाष ने भी मुख्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में एक लाख रूपये का अंशदान मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को कुछ दिनों पूर्व सौंपा था।

******